## Dossier of the Project " Upgradation of All Saints School Bhagirathipuram upto Class X

| Sl. No. | Description | Details | Remark if any |
|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | 4 |
| 1. | Name of the Project | Up gradation of All Saints School Bhagirathipuram up to Class X<br>Supply of Furniture/Books/Computer Lab/Physics/Chemistry/Biology Lab and 03 No. Books shelves for Library. | |
| 2. | Project Code | 2015-16/All,saint school/Bhagirathipuram/ E&LD/16.56 | |
| 3. | Name of Implementing Unit and Unit Code | P&A Tehri | |
| 4 | Name of Implementing Agency | P&ATehri | |
| 5 | Project Cost | Expenditure is 16.56 Lac | |
| 6 | Date of Start | 01.05.2015 | |
| 7 | Date of Completion | 31.03.2016 | **Work Completed** |
| 8 | Location/Area of operation of the Project | All Saints School Bhagirathipuram, Tehri project effected area | |
| 9 | Activity covered in the Project and Activity Code | Education Development | |
| 10 | Target Group | Children's of Project area of Tehri and Koteshwar | |
| 11 | Number of People benefitted from the project | Approx 500 Student per year | |
| 12 | Quantification of benefitted accrued from the project, as derived from the Impact Assessment Report/evaluation report by independent agency. If any | | |
| 13 | Document proof like photo/video/news it's etc if any | Details are given below | |

## परियोजना एक नजर में

आईसीएसई बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त ऑल सेंटस स्कूल भागीरथीपुरम विगत 25 वर्षों से कक्षा 08 तक टीएचडीसी इंडिया लि0 टिहरी मे कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों एवं कोटेश्वर परियोजना में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों तथा टिहरी परियोजना प्रभावित ग्रामीण क्षेत्र एवं टिहरी परियोजना में कार्यरत कंस्ट्रक्शन कंपनी के अंतर्गत कार्य कर रहे कर्मचारियो के बच्चों को उच्च स्तर की अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा प्रदान कर रहा है। वर्तमान में परियोजना प्रभावित परिवारों टीएचडीसी इंडिया लि0 टिहरी मे कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों के बच्चों हेतु कक्षा 09 एवं 10 हेतु ऑल सेंटस स्कूल भागीरथीपुरम का उच्चीकरण करवाया गया जिससे भागीरथीपुरम तथा परियोजना प्रभावित ग्रामीण क्षेत्र के परिवारों के बच्चे कक्षा 09 एवं 10 की अध्ययन के लिये नई टिहरी जाते थे उन बच्चो को उच्च स्तर की शिक्षा ऑल सेंटस स्कूल भागीरथीपुरम में दी जा रही है। जिसके लिये आई.सीएसई बोर्ड से कक्षा 09 एवं 10 हेतु मान्यता प्राप्त करने के लिये आवश्यक लैब फर्नीचर तथा कंप्यूटर लैब, लाईब्रेरी, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान एवं कक्षा 09 एवं 10 हेतु क्लासरूम फर्नीचर सेवा टीएचडीसी के माध्यम से उपलब्ध करवाया गया है। जिस हेतु सेवा टीएचडीसी सीएसआर द्वारा 20लाख का बजट अनुमोदित किया गया था जिसमें अभी तक रू0 1656258.00 व्यय किये जा चुके है एवं वर्तमान में कक्षा 09 एवं 10 की कक्षाएं सफलता पूर्वक संचालित किया जा रहा है।

## कार्यान्वयन

ऑल सेंटस स्कूल भागीरथीपुरम में कक्षा 09 एवं 10 प्रारम्भ करने हेतु Education Society of the Diocese of Bijnor (ESDOB) से टीएचडीसी प्रबन्धन द्वारा एक अनुबन्ध किया गया जिसमें तय किया गया कि ऑल सेंटस स्कूल भागीरथीपुरम को कक्षा 09 एवं 10 प्रारम्भ करने हेतु समस्त सुविधा जिसमें क्लासरूम तथा आईसीएसई बोर्ड के मानकों के अनुसार आवश्यक लैब फर्नीचर तथा कंप्यूटर लैब, लाईब्रेरी, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान एवं कक्षा 09 एवं 10 हेतु क्लासरूम फर्नीचर सेवा टीएचडीसी के माध्यम से उपलब्ध करवाया जायेगा तथा Education Society of the Diocese of Bijnor (ESDOB) के द्वारा उच्च स्तर के शिक्षक नियुक्त कर टिहरी परियोजना एवं परियोजना प्रभावित परिवारो को 2016 से कक्षा 09 प्रारम्भ कर शिक्षा प्रदान की जायेगी जिससे परियोजना क्षेत्र में रह रहे बच्चों को नई टिहरी आने–जाने की असुविधा नहीं होगी। वर्तमान में ऑल सेंटस स्कूल भागीरथीपुरम में कक्षा 09 एवं 10 में शिक्षण कार्य चल रहा है एवं परियोजना से प्रभावित लगभग 80 परिवारों के बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे है।

## प्रदान सुविधाएं

ऑल सेंटस स्कूल भागीरथीपुरम Education Society of the Diocese of Bijnor (ESDOB) के द्वारा विगत 25 वर्षों से भागीरथीपुरम में विघालय संचालित कर रहा है विघालय का भूमि एवं भवन टीएचडीसी इंडिया लि0 द्वारा निर्मित किया गया है। विघालय में शिक्षा से सम्बन्धित सभी जरूरी सुविधाएं जैसे क्लासरूम फर्नीचर, कंप्यूटर लैब तथा रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान लैब, पीने का पानी, शौचालय सुविधा, खेल का मैदान, मंच एवं विघालय स्टाफ हेतु रहने की व्यवस्था तथा विघालय में अध्ययनरत बच्चों हेतु स्कूल बस की सुविधा टीएचडीसी इंडिया लि0 टिहरी द्वारा उपलब्ध करवायी जा रही है जिसमें कि कक्षा 09 एवं 10 हेतु प्रदान की गई सभी सुविधाएं जैसे क्लासरूम फर्नीचर, कंप्यूटर लैब तथा रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान लैब, लाईब्रेरी एवं लाईब्रेरी हेतु बुक शेल्फ सेवा टीएचडीसी द्वारा सीएसआर के अंतर्गत उपलब्ध करवाई गई है। सभी सविधाओं को उपलब्ध करवाने के प्श्चात आईसीएसई बोर्ड नई दिल्ली द्वारा कक्षा 09 एवं 10 के संचालन हेतु विघालय को अस्थायी अनापत्ति प्रमाण पत्र वर्ष 2022 तक प्रदान किया जा चुका है।

## प्रोजेक्ट से लाभ

टीएचडीसी इंडिया लि0 द्वारा सेवा टीएचडीसी के माध्यम से सीएसआर के अंतर्गत कक्षा 09 एवं 10 हेतु समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराने के पश्चात विघालय प्रबन्धन द्वारा न्यूनतम फीस पर सभी परियोजना प्रभावित बच्चों को उच्च कोटि की शिक्षा प्रदान की जा रही है।

टीएचडीसी इंडिया लि0 टिहरी में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों तथा कोटेश्वर परियोजना में कार्यरत कर्मचारियों के बच्चों एवं परियोजना से प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों के परिवारो के बच्चों एवं परियोजना में कार्यरत कंपनियों में कार्यरत परिवारों के बच्चों को कक्षा 08 के बाद कक्षा 09 एवं 10 के लिये नई टिहरी जाना पडता था या भागीरथीपुरम से देहरादून पलायन करना पडता था जिस कारण गरीब परिवारों तथा जिन परिवारो के पास साधन नहीं थे उनके बच्चे अच्छी शिक्षा से वंचित हो रहे थे परंतु ऑल सेंटस स्कूल भागीरथीपुरम के उच्चीकरण के पश्चात समस्त भागीरथीपुरम क्षेत्र के परिवारों के बच्चों को भागीरथीपुरम में ही उच्च कोटि की शिक्षा न्यूनतम शिक्षा शुल्क (फीस) में ही उपलब्ध होने के कारण सर्वशिक्षा अभियान एवं बच्चो को उच्च कोटि की शिक्षा प्रदान की जा रही है।

## Photographs of the project:-









